कार्यालय मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)
**उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लिमिटेड**
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ।
CIN : U32201UP1999SGC024928
ई–मेल : ce.hydel@uppcl.org
फोन न0 : 0522–2288656

## परिपत्र

**विषयः कर्मचारियों के स्थानान्तरण आदेशों की सत्यता की जांच के सम्बन्ध में।**

यह अवगत कराना है कि हाल ही में यह संज्ञान में आया है कि कुछ अवांछित तत्वों द्वारा उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड मुख्यालय से निर्गत कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेशों में छेड़छाड़ कर फर्जी स्थानांतरण आदेश तैयार किए जा रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर विषय है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था एवं पारदर्शिता प्रभावित हो सकती है।

इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे स्थानांतरण आदेशों पर कोई भी कार्यवाही करने से पूर्व उनकी सत्यता निम्नलिखित माध्यमों से अवश्य सुनिश्चित कर लें:

1. उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट से आदेश की पुष्टि करें।
2. आदेश निर्गत करने वाले कार्यालय से संपर्क कर आदेश की प्रामाणिकता की जांच करें।

यदि कोई आदेश संदिग्ध प्रतीत होता है तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित कार्यालय एवं उच्चाधिकारियों को दी जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

यह सुनिश्चित किया जाए कि केवल वास्तविक एवं प्रामाणिक स्थानांतरण आदेशों के आधार पर ही कार्मिक को कार्यमुक्त करने अथवा ज्वाइन कराने की कार्यवाही की जाए, जिससे कार्यालयीय व्यवस्था की शुचिता एवं कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे। यदि ऐसे प्रकरण में किसी कार्मिक की संलिप्तता पायी जायेगी, तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

सभी अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे इस आदेश का कड़ाई से पालन करें।

निदेशक (का० प्र० एवं प्रशा०)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0/पूर्वान्चल वि0वि0नि0लि0/मध्यांचल वि0वि0नि0लि0/पश्चिमांचल वि0वि0नि0लि/दक्षिणांचल वि0वि0नि0लि0/केस्को।
2. निदेशक (का0प्र0एवंप्रशा0), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0/पूर्वान्चल वि0वि0नि0लि0/मध्यांचल वि0वि0नि0लि0/पश्चिमांचल वि0वि0नि0लि/दक्षिणांचल वि0वि0नि0लि/केस्को।
3. अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

24/06/25
(विक्रम मगवार)
वैयक्तिक सहायक षष्ठम
कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)